## एक नजर में



### निगम आयुक्त ने की प्रचलित कार्यों की समीक्षा

**उज्जैन।** नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत प्राप्त राशि से किन-किन क्षेत्रों में कार्य किए गए हैं, जो राशि वित्तीय वर्ष के तहत प्राप्त हुई है। उक्त राशि का क्या उपयोग किया जाएगा साथ ही नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत ऐसे क्षेत्रों में कार्य किए जाएं जहां पर रोड खुदाई एवं चौड़ीकरण के क्षेत्र ना आते हों। यह बात शुक्रवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा स्मार्ट सिटी कार्यालय में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के कार्यों की समीक्षा बैठक में कही गई।नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत कार्यों को करने हेतु समस्त जोन के झोनल अधिकारियों को टास्क दिए जाएं की किन क्षेत्रों में प्रोग्राम के तहत कार्य किए जा सकते हैं। जिन क्षेत्रों में पेवर ब्लॉक लगाए जाएंगे वह कार्य उच्च गुणवत्ता का होना चाहिए अन्यथा संबंधित इंजीनियर एवं ठेकेदार पर कार्रवाई होगी। पेवर ब्लॉक लगाए जाने के बाद धूल या मिट्टी रोड पर नहीं होना चाहिए जो की नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम की गाइडलाइन के अंतर्गत आता है इसीलिए इसी मापदंड के अनुसार कार्य किए जाएं। वित्तीय वर्ष 2025 -26 के अंतर्गत नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत 27 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है। जिससे कई सारे विकास कार्य किए जाएंगे। जिसमें पर्यावरण सुधार को दृष्टिगत रखते हुए योजनाएं बनाई जाएगी। वर्षा जल संचय, बृहद स्तर पर पौधारोपण, षहर के प्रमुख मार्गों को डस्ट फ्री (धूल मुक्त) बनाने, र्प्यावरण संरक्षण, मियांवाकी पद्धति से पौधारोपण, इसी के साथ त्रिवेणी स्थित मोक्ष धाम पर सीएनजी चलित शवदाह इकाई का निर्माण किया जाएगा। जिससे वायु प्रदूशण नहीं होगा। साथ ही वायु प्रदूषण कम करने एवं पर्यावरण सुधार को दृष्टिगत रखते हुए कई ऐसे कार्य किए जाएंगे जो धरातल पर शहर के नागरिकों को दिखेंगे एवं फायदेमंद होंगे। बैठक में अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, सहायक आयुक्त प्रवीण मुकाती, सहायक यंत्री मनोज राजवानी, उपयंत्री निर्झर शुक्ला, मुकुल मेश्राम, गायत्री प्रसाद डेहरिया, विवेक मंडरे, कंसल्टेंट वर्षा जोशी उपस्थित रहे।



### कपड़े की थैली का वितरण किया

**उज्जैन।** भूतेश्वर महादेव भक्त मंडल द्वारा दानी गेट चौराहा पर विगत 5 वर्षो से गणेश उत्सव मनाया जा रहा है।प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पंडाल में गणेश जी को स्थापना की गई है।हर रोज सुबह शाम गांव के सभी भक्तों मिलकर गणेश जी की महाआरती कर रहे हैं और प्रसाद का वितरण किया जा रहा है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह कुशवाहा उपस्थित थे। समाजसेवी रोहित राव ने जानकारी देते हुए बताया कि गणेश चतुर्थी के उत्सव पर स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर संदेश दिया गया वहीं भारत को पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए कपड़े की थैली का वितरण किया गया। सभी भक्तों ने पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए शहर को पॉलिथीन मुक्त करने का संकल्प लिया है।इस मौके पर धर्मेंद्र जोशी, रूपनारायण मीणा, विजय रावअवार्ड, सुशील शेट्टी, मुकेश सरवन, सतीश राव अवार्ड, राजेश सरवन, शुभम शिंदे, बंटी नितिन, गौतम राजू, समस्त भक्तगण मौजूद थे।



### गणेशोत्सव में टॉवर चौक पर गूंजे भजन

**उज्जैन।** टावर चौक पर टावर चौपाटी संगठन और ज्वलंत अमित मुकुल शर्मा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा आयोजित 10 दिवसीय भव्य गणेश उत्सव में सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। राजपाल सिंह सिसोदिया और नीलू रायकवार ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेशोत्सव में प्रतिदिन शाम 7 बजे से ज्वलंत शर्मा, अमित शर्मा, मुकुल शर्मा, मिथिलेश शर्मा, अनामिका शर्मा, शिवानी शर्मा, अनुभूति शर्मा, अनमोल शर्मा, लय शर्मा, लक्ष्य शर्मा अपनी प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। इस कार्यक्रम में ज्वलंत शर्मा के मार्गदर्शन में रफी नाइट, किशोर नाइट, मुकेश नाइट, लोक, राजस्थानी, डांस, लाठी कराते का प्रदर्शन भी होगा।




### दो विद्यालयों पर हुई निबंध लेखन प्रतियोगिता

**उज्जैन।** रोटरी क्लब के तत्वावधान में नूतन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं ऑक्सफोर्ड जूनियर कॉलेज में ''मेरे लिए स्वतंत्रता का क्या अर्थ है, मेरा भारत 2047 तथा भारत की गुमनाम नायिकाएं विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों को इनमें से किसी एक विषय पर निबंध लिखना था। क्लब अध्यक्ष रोट. ईश्वर चन्द्र दुबे ने बताया कि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 द्वारा 15 अगस्त से 30 अगस्त के बीच निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसमें डिस्ट्रिक्ट के 102 क्लब के माध्यम से स्थापित किए गए इंटाटेक्ट क्लब के छात्र शामिल हो रहे हैं। इसी क्रम उज्जैन के उक्त दोनों स्कूल में बनाये गए इंटरेक्ट क्लब के छात्र सम्मिलित हुए। निबंध लेखन प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए छात्रों को रोटरी सर्टिफिकेट के साथ सम्मान कर प्रोत्साहित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शास नूतन विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक तिवारी, ऑक्सफोर्ड जूनियर कॉलेज के डायरेक्टर दिलीप धनवानी, इंटरेक्ट क्लब एडवाइजर निर्मला सिंह एवं हेमंत कुमार परमार का विशेष सहयोग रहा। कार्यकारी सचिव रोट धीरेंद्र रैना, पूर्व अध्यक्ष रोट शाहिद हाशमी, रोटे सुरेश शर्मा आदि सदस्य प्रतियोगिता के समय उपस्थित रहे।



### प्रेस क्लब पर निगम आयुक्त ने की आरती

**उज्जैन।** प्रेस क्लब भवन उज्जैन पर गणेश उत्सव के तृतीय दिवस पर सांध्यकालीन आरती उज्जैन नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक के अतिथ्य में संपन्न हुई। इस दौरान प्रेस क्लब के सदस्य आदि उपस्थित थे।

# अवैध नॉनवेज रेस्टोरेंट जमींदोज, विकास प्राधिकरण का चला बुलडोजर

## हाईकोर्ट से स्टे हटते ही कार्रवाई, पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई, लीज उल्लंघन मामले में और भी टूटेंगे मकान






**उज्जैन।** अंतत: अंगारा भी राख के ढेर में तब्दील हो गया। महाकाल की नगरी उज्जैन में शुक्रवार को प्रशासन का बुलडोजर चला। महाकाल मंदिर से महज 100 मीटर की दूरी पर चल रही अवैध चिकन-मटन की दुकान को जमींदोज कर दिया गया। यह दुकान अंगारा रेस्टोरेंट के नाम से संचालित हो रही थी।

नवभारत से चर्चा में यूडीए सीईओ संदीप सोनी ने बताया कि अंगारा नामक रेस्टोरेंट बेगमबाग में संचालित हो रहा था। जो प्लॉट नम्बर 19 पर बना था। मोहम्मद वसीम और मोहम्मद शादाब चला रहे थे। दुकान अनीसा बी की बिल्डिंग में बनी थी। हाईकोर्ट से स्टे हटने के बाद नगर निगम, विकास प्राधिकरण और जिला प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई की। दरअसल, वर्ष 1985 में उज्जैन विकास प्राधिकरण ने बेगमबाग क्षेत्र में 30 भूखंड आवासीय प्रयोजन से 30 साल की लीज पर दिए थे। लेकिन भूखंड धारकों ने उन्हें व्यावसायिक उपयोग में ले लिया। वर्ष 2014-15 में इनकी लीज समाप्त हो गई, जिसे नवीनीकरण भी नहीं कराया गया। इस पर यूडीए ने बार-बार नोटिस दिए और बाद में लीज समाप्त कर दी। न्यायालय में मामला जाने के बाद कई भूखंड धारकों को स्टे मिला। लेकिन हाल ही में कोर्ट से स्टे हट चुका है।




करीब ढाई महीने पहले प्रशासन ने यहां 12 बिल्डिंगों को ध्वस्त किया था। अब कोर्ट से स्टे हटने के बाद फिर से कार्रवाई की जा रही है।

**इनका कहना**

उज्जैन विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप कुमार सोनी ने कहा माननीय न्यायालय से स्टे खारिज होने के बाद कार्रवाई की जा रही है। यह भूखंड आवासीय प्रयोजन के लिए दिए गए थे। लेकिन इनका व्यावसायिक उपयोग किया गया। लीज समाप्त होने और नवीनीकरण न होने की स्थिति में यह कार्रवाई आवश्यक थी।

-संदीप सोनी सीईओ यूडीए

### मंदिर मार्ग पर मटन चिकन

नॉनवेज शॉप को लेकर लंबे समय से हिंदूवादी संगठन आपत्ति जता रहे थे। उनका कहना था कि महाकाल मंदिर पहुंच मार्ग पर मटन-चिकन की दुकान धार्मिक आस्थाओं को ठेस पहुंचाती है। उधर यूडीए ने लीज निरस्त कर दी थी। मामला कोर्ट में चला गया और यहां से मालिकों को स्टे मिल गया था। करीब एक माह पहले हाईकोर्ट ने अनीसा बी का स्टे खारिज कर दिया। इस दौरान महाकाल मंदिर मार्ग अति संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। मुस्लिम बाहुल्य इलाके में प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए। कार्रवाई के दौरान मंदिर मार्ग का एक हिस्सा पूरी तरह बंद कर दिया गया। क्योंकि वाहन चालक कहीं दुर्घटना का शिकार ना हो जाएं।

### भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई

शुक्रवार को सुबह 9 बजे शुरू हुई कार्रवाई पूरी तरह शांतिपूर्ण रही। मौके पर 50 से अधिक पुलिसकर्मी और 100 से अधिक प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। आधा दर्जन जेसीबी, पोकलेन और डंपर लगाकर बिल्डिंग को ढहा दिया गया। किसी प्रकार का विरोध प्रदर्शन सामने नहीं आया। क्योंकि बिल्डिंग मालिक ने स्वयं मकान खाली कर दिया था। बता दें कि धार्मिक नगरी में मास मटन की दुकानों को मंदिर क्षेत्र से दूर करने के लिए पूर्व में भी निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके अनेक दुकानों पर मास मटन का विक्रय धड़ल्ले किया जा रहा था। जिसको लेकर आने वाले श्रद्धालुओं में गलत संदेश जा रहा था।

# तराना में हुई लूट में फरार इंदौर के 2 आरोपी गिरफ्तार

**उज्जैन।** दुबली फंटा पर 11 अगस्त की रात हुई लूटपाट की वारदात में फरार 2 इंदौरी युवको को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एक नाबालिग था, दोनों आरोपियों के 4 साथी 2 दिन पहले गिरफ्त में आ गये थे, जिनसे रिमांड पर पूछताछ की जा रही थी। शुक्रवार दोपहर सभी आरोपियों को जेल भेजा गया वहीं नाबालिग को बाल संरक्षण गृह में छोड़ गया।

तराना थाना एसआई हरिराम अंगोरिया ने बताया कि दुबली फंटा पुलिया पर लोडिंग में सवार महेश उर्फ लक्की और उसके दोस्त मंजित सलूजा के साथ वर्ना कार में आये 6 युवको ने मारपीट कर 30 हजार रुपए, मोबाइल, लोडिंग की चाबी, पर्स लूट लिया था। वारदात के फुटेज सामने आने पर वर्ना कार ट्रेस की गई। जिसके आधार पर विशाल घावरी, दीपक उर्फ छोटू नायक, गोविंद मोंगिया और गोपाल मोंगिया निवासी ग्राम चिरड़ी माकडोन को पकड़ा गया था। चारों ने विशाल के ममेरे भाई रोहित और उसके नाबालिग दोस्त के साथ मिलकर वारदात करना कबूल किया था। रोहित और नाबालिग हिरासत में नहीं आ पाये थे। चारों आरोपियों को बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश कर 2 दिन की रिमांड पर लिया गया था। विशाल से मिली जानकारी के बाद फरार नाबालिग और रोहित को गिरफ्तार किया गया। नाबालिग को बल संप्रेक्षणगृह भेज गया, रिमांड पर चल रहे आरोपियों से लूटी गई राशि में से 5 हजार रुपए, गाड़ी की चाबी, पर्स और उसमें रखे दस्तावेज के साथ मारपीट में प्रयुक्त लोहे की टॉमी बरामद की गई है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वारदात के बाद सांवारिया सेठ दर्शन करने चले गये थे। जहां लूटी गई राशि खर्च कर दी। महेश से छीना मोबाइल रास्ते में झाडियों के बीच फेंक दिया था। एसआई अंगोरिया के अनुसार चारों आरोपियों को शुक्रवार को रिमांड खत्म होने पर इंदौर से गिरफ्त में आए पांचवें आरोपी के साथ सभी को जेल भेज दिया गया।

### अतिरिक्त जेल महानिदेशक सेमा ने केंद्रीय जेल का भ्रमण किया



उज्जैन। अतिरिक्त जेल महानिदेशक जी अखेतो सेमा एवं स्पेशल डीजी ने केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ का 28 अगस्त को आकस्मिक भ्रमण कर निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्रीय जेल में मुलाकात कक्ष, वीडियो पेशी हेतु नवीन वीडियो मुलाकात कक्ष, जेल चिकित्सालय में स्थापित डिजिटल एक्स-रे मशीन, पेथालॉजी लेब, खाद्य गोदाम, मसाला उघोग, आईटीआई प्रशिक्षण केंद्र तथा एलईडी बल्ब निर्माण उघोग सहित अन्य उद्योगों का निरीक्षण कर बंदियों से रूबरू चर्चा कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। एडीजी जेल द्वारा जेल मे सफाई व्यवस्था तथा सुधारात्मक कार्यों के लिए प्रसन्नता व्यक्त की गई। निरीक्षण के दौरान वनिता तिवारी परिवीक्षा एवं कल्याण अधिकारी, उप अधीक्षक जसमनसिंह डावर, सहायक अधीक्षक सुरेश गोयल, प्रवीण कुमार मालवीय आदि उपस्थित थे। जानकारी केंद्रीय जेल अधीक्षक मनोज कुमार साहू ने दी।

### नाबालिग से बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

उज्जैन/घट्टिया। नाबालिग लड़की को घट्टिया से बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले जाकर नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि नाबालिग की गुमशुदगी दर्ज की गई थी। जिस पर से जांच पड़ताल कर आरोपी विशाल चाकरे उम्र 22 वर्ष निवासी रणगांव थाना जावर जिला खंडवा हाल मुकाम निर्माणाधीन सीएम राइस स्कूल घट्टिया को गिरफ्तार कर नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया। मामले में थाना प्रभारी करण खोवाल, उपनिरीक्षक अलकेश डांगे, मन्नासिंह कुशवाह, वीरपाल असोने, मानसिंह आर्य, आरक्षक बनवारीलाल यादव, नवदीप शर्मा, राकेश मालवीय, महिला आरक्षक हेमलता, बुलबुल पाटीदार की सराहनीय भूमिका रही।

# गंभीर जलाशय में संग्रहित हुआ 25 प्रतिशत के लगभग पानी



**उज्जैन। रूक-रूककर हो रही बारिश और नर्मदा का पानी आने पर जलस्त्रोत का सबसे बड़े साधन गंभीर डेम में अब 25 प्रतिशत के लगभग पानी संग्रहित हो चुका है। जिस तरह से मानसून सक्रिय दिखाई दे रहा है, उससे प्रतित हो रहा है कि डेम अपनी क्षमता से भर जायेगा।**

वर्ष 1992 में शहर में जलप्रदाय के लिये 2250 एमसीएफटी क्षमता के गंभीर डेम का निर्माण किया गया था। जिससे पूरे शहर में प्रतिदिन जल सप्लाय की जा रही है। अगस्त माह के 15 दिनों तक डेम में पानी ना के बराबर बचा था। जलसंकट की आहट सुनाई देने लगी थी। जिसके चलते प्रशासन-नगर निगम ने आनन-फानन डेम से नर्मदा की पाइप लाइन को जोड़ा गया था। इसी बीच मानसून भी मेहरबान हो गया। पिछले कुछ दिनों से शहर में रूक-रूककर हो रही बारिश के साथ देवास-इंदौर में गिर रहे पानी से डेम में पानी की आवक शुरू हो गई है। शुक्रवार को गंभीर में क्षमता का 25 प्रतिशत पानी संग्रहित हो चुका था। डेम विभाग के अनुसार शुक्रवार सुबह तक 761 एमसीएफटी पानी की आवक हो चुकी थी। अगर मानसून ऐसे ही सक्रिय बना रहा और इंदौर-देवास के साथ शहर में बारिश होती रही तो डेम अपनी क्षमता पार कर सकता है। इंदौर में बारिश का सिलसिला बना रहने पर यशवंत सागर के गेट खुले गंभीर डेम को भरने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। 27 अगस्त तक डेम में 331 एमसीएफटी पानी था। इधर रात 7.30 बजे से प्रारंभ हुई बारिश समाचार लिखे जाने तक हो रही थी। इस दौरान बारिश की रफ्तार काफी तेज थी जिससे वाहनों को वाहन चलाने में काफी परेशानी हो रही थी। वहीं गणेश पंडालों में होने वाली शाम आरती में भी भीड़ काफी कम दिखाई दी जिसका प्रमुख कारण तेज बारिश ही रही।

### गणेश प्रतिमा का आयुक्त ने किया पूजन

**उज्जैन।** नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय में विराजित प्रथम पूज्य भगवान गणेश का पूजन अर्चन कर शहर विकास और सुख समृद्धि की कामना की गई। इस दौरान अपर आयुक्त वित्त पुनीत शुक्ला, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, मनोज मौर्य, सहायक आयुक्त प्रवीण मुकाती, सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति से नितिन मुसले, रमेश रघुवंशी, गौपाल त्रिवेदी एवं निगम कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### महापौर ने विद्यार्थियों से स्वच्छता संवाद किया

**उज्जैन।** शुक्रवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा वार्ड क्रमांक 16 नगर कोट स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ उज्जैन शहर की स्वच्छता के विषय पर बात करते हुए बताया गया कि हमारे शहर गली, मोहल्ले जहां आप निवास करते हैं वह क्षेत्र को साफ स्वच्छ रखेंगे। कचरा अलग-अलग करते हुए नगर निगम की कचरा गाड़ी में ही डालेंगे और गंदगी नहीं करने देंगे। आप सभी विद्यार्थियों को जो बातें स्वच्छता अभियान अंतर्गत बताई गई है। उसे अपने घर परिवार के सदस्यों को बताएं ताकि वह भी शहर की स्वच्छता में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए शहर को साफ स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करें। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद राजेश बाथम उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया

**उज्जैन।** नगर निगम परिवार में अपना सेवाकाल पूर्ण कर चुके कर्मचारियों का नगर निगम द्वारा सेवानिवृत सम्मान समारोह शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय में महापौर मुकेश टटवाल की उपस्थित में आयोजित करते हुए सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों का शाल, श्रीफल, भगवत गीता, प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया एवं सेवानिवृत्ति के पश्चात स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी गई इस अवसर पर सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी जाफर आलम अंसारी राजस्व निरीक्षक संपत्तिकर विभाग, दिलीप दवे पिता श्रीधर दवे सहायक वर्ग 3 जनसंपर्क विभाग, सुधा व्यास सहायक वर्ग 3 नियमित पीएचई विभाग, रणछोड़ पिता नागू हेल्पर कार्यभारित पीएचई विभाग, हेमा बाई हेल्पर कार्यभारित पीएचई विभाग के सेवानिवृत होने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष रवि राय, एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, रजत मेहता, कैलाश प्रजापत, डॉ. योगेश्वरी राठौर, पार्षद श्रीमती लीला वर्मा, अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त मनोज मौर्य, सहायक आयुक्त पवन कुमार फुलफकीर, प्रवीण मुकाती, राघवेंद्र सिंह पालिया, जनसंपर्क अधिकारी पवन कुमार, कर्मचारी संघ से नितिन मुसले, रमेश रघुवंशी, मनसुख मेहरवाल एवं नगर निगम के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### पिछले चौबीस घंटों नागदा में सर्वाधिक वर्षा

उज्जैन। पिछले चौबीस घण्टों के दौरान 29 अगस्त की प्रात: तक नागदा तहसील में सर्वाधिक 30 मिमी वर्षा हुई है। इस दौरान घट्टिया तहसील में 6, खाचरौद में 8, बड़नगर में 14, महिदपुर में 4, झारडा में 8 तथा माकड़ौन तहसील में 6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड कि गई है। इस तरह चौबीस घंटें में जिले में औसत 8 .5 मिमी वर्षा हुई है। इस वर्षा मनसून सत्र में जिले में अभी तक औसत 581 .5 मिमी वर्षा दर्ज कि गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में औसत 615 .8 मि.मी वर्षा हुई थी। कलेक्टर कार्यालय की भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष जिले की उज्जैन तहसील में अभी तक उज्जैन तहसील में 609, घट्टिया में 421 .5, खाचरौद में 667, नागदा में 654 .6 बड़नगर में 528, महिदपुर में 515, झारडा में 666 .4, तराना में 775 .6 तथा माकड़ोन तहसील में 396 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले की उज्जैन तहसील में 615, घट्टिया में 468 .4, खाचरौद में 542, नागदा में 845 .4, बड़नगर में 517, महिदपुर में 629, झार्डा में 664 .2, तराना में 671 .1 तथा माकड़ौन तहसील में 590 मिमी वर्षा हुई थी।

**जनहित कार्य....** मंदिर समिति ने प्रवेश पर प्रतिबंध लगा रखा फिर लोग अंदर कैसे जा रहे

# महाकाल गर्भगृह में वीआईपी प्रवेश को लेकर हाईकोर्ट में सुनवाई, फैसला सुरक्षित

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में आम श्रद्धालु करीब 50 फीट दूर नंदीहॉल के भी पीछे बने गणेश मंडप की लाइन से दर्शन कर रहे हैं। जबकि वीआईपी नेता, अफसर और बड़े यजमान अंदर तक जा रहे हैं। इतना ही नहीं अंदर जाकर यह दर्शन, पूजन कर रहे हैं, फोटो-वीडियो बना रहे हैं और तो और इसे सोशल मीडिया पर वायरल तक कर रहे हैं। आखिरकार आम लोगों की तरफ से इंदौर के सामाजिक कार्यकर्ता दर्पण अवस्थी आगे और उन्होंने इंदौर हाईकोर्ट में इसे लेकर एक जनहित याचिका दायर कर दी। अवस्थी ने अपने वकील चर्चित शास्त्री के जरिए यह याचिका लगाई है। जिसमें उन्होंने कहा है कि आखिरकार वीआईपी लोग किस नियम से महाकाल मंदिर के गर्भगृह के अंदर तक जा रहे, दर्शन-पूजन कर रहे हैं। जबकि मंदिर प्रबंध समिति ने तो गर्भगृह में आम प्रवेश पर रोक लगा रखी है। इसके बावजूद ये वीआईपी लोग न केवल गर्भगृह में जा रहे बल्कि फोटो-वीडियो लेकर उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल भी कर रहे हैं। याचिका में यह भी सवाल उठाए गए है कि हजारों श्रद्धालु दूर-दूर से बड़ी आस्था के साथ बाबा महाकाल के दर्शन करने यहां आते हैं। वीआईपी गर्भगृह से दर्शन करता है तो उन्हें कितना बुरा लगता होगा। मामले में मंदिर प्रबंध समिति के अधिकारियों से बात करना चाही तो नहीं हो पाई।

### 2025 का पहला चंद्र ग्रहण 7-8 सितंबर को

उज्जैन। साल 2025 का पहला चंद्रग्रहण अगले महीने यानी 7-8 सितंबर को लगने जा रहा है जो कि भारत में दिखाई देगा। यहीं नहीं यह ग्रहण साल का आखिरी ग्रहण भी होगा। क्योंकि इसके बाद सितंबर में ही सूर्य ग्रहण भी लगेगा लेकिन यह भारत में दिखाई नहीं देगा। सूर्य ग्रहण 21-22 सितंबर को लगेगा जो कि विदेशों में नजर आएगा। इसका भारत में कोई असर नहीं होगा। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पंडित अमर डब्बावाला ने बताया कि भारतीय समय के अनुसार पूर्ण चन्द्र ग्रहण का प्रारंभ 7 सितंबर 2025 को रात 9 बजकर 56 मिनट 8 सेकंड पर शुरू होगा। इसकी मध्य स्थिति रात 11 बजकर 41 मिनट 8 सेकंड पर होगी। इसी समय चन्द्रमा का करीब 136 .8 प्रतिशत भाग पृथ्वी की छाया से ढक जाएगा। ग्रहण का मोक्ष 7-8 सितंबर की देर रात 1 बजकर 26 मिनट 8 सेकंड पर होगा। यह ग्रहण भारत में पूर्ण रूप से दिखाई देगा। अब इससे किस राशि पर क्या असर होगा इसकी संबंध में किसी ने कुछ खास नहीं कहा है।

### कलेक्टर-एसपी पक्षकार, हाईकोर्ट ने फिलहाल फैसला सुरक्षित रखा

युगलपीठ ने इस जनहित याचिका पर सुनवाई की। इसमें प्रदेश सरकार, महाकालेश्वर मंदिर ट्रस्ट समिति, उज्जैन कलेक्टर और एसपी को पक्षकार बनाया गया हैं। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद फिलहाल फैसला सुरक्षित रखा है। याचिकाकर्ता अवस्थी ने मंदिर प्रबंध समिति ने पूर्व में आरटीआई लगाकर जानकारी मांगी थी कि गर्भगृह में कौन लोग गए, किसकी अनुमति या नियम से उन्हें प्रवेश दिया गया। ऐसे कई सवाल किए गए थे लेकिन समिति ने इसका जवाब नहीं दिया। आपको बता दे कि गत 21 जुलाई को इंदौर विधायक गोलू शुक्ला और उनके बेटे रुद्राक्ष ने जबरन महाकाल के गर्भगृह में प्रवेश किया था। उस समय काफी बवाल मचा था। अवस्थी ने आम भक्तों को गर्भगृह में दर्शन की अनुमति दिलाने के लिए ही हाईकोर्ट में यह याचिका दायर की है ताकि सब के साथ न्याय हो। उनका कहना है कि भगवान महाकाल सब के है। यदि प्रवेश बंद है तो कोई भी अंदर न जाए और नहीं तो सब को जाने दिया जाए।